Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-02-2006

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

an>

Title : Need to sanction funds for the scheme meant for protection of tigers in Sariska Sanctuary, Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र अलवर में स्थित सरिस्का वन अभ्यारण्य क्षेत्र में किसी समय भारी संख्या में बाघ होते थे और उन्हें देखने के लिए देश एवं दुनिया के हजारों टूरिस्ट प्रति र्वा आते थे। सरकारी लापरवाही एवं टाईगर की खाल बेचने वाले गिरोहों की सक्रियता से आज यह कटु सत्य है कि उस क्षेत्र में एक भी बाध नहीं बचा है।

महोदय, प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में बाघ संरक्षण के प्रोजैक्ट के अन्तर्गत कई बार मीटिंग हुई हैं और यह भी तय किया गया है कि दूसरे क्षेत्रों से नर-मादा बाघ के जोड़े इस क्षेत्र में लाए जाएं और भविय में उनकी भरपूर सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। इस सन्दर्भ में राजस्थान सरकार ने एक योजना बनाकर धनराशि स्वीकृत करने का प्रस्ताव भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को भेजा है।

मेरा माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री जी से अनुरोध है कि सरिस्का प्रोजैक्ट के लिए तत्काल धनराशि स्वीकृत कराएं ताकि अलवर क्षेत्र का पर्यटन उद्योग पुनः पनप सके।

MR. CHAIRMAN : Your notice was received after 9.30 a.m. Anyhow, I will call you to speak. Shri Haribhau Rathod.